Source: - राजस्थान पत्रिका
Date:- 14.03.2019
Page:- 11

डीआरआई ने दबोचा

3.40 करोड़ रुपए के लाल चंदन के साथ, 2 गिरफ्तार

कपड़ों के व्यापार की आड़ में चल रहा था धंधा

कोलकाता. डॉयरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस कोलकाता की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 3.40 करोड़ मूल्य की लाल चंदन की लकड़ी के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के नाम संजय सिंह मौर्य व छेदीलाल राजभर (ड्राइवर) है। जब्त की गई लकड़ी का वजन 6790 किलोग्राम है। डीआरआई सूत्रों ने बताया कि खुफिया जानकारी के अनुसार लाल चंदन लकड़ी से भरा यह कंटेनर खिदिरपुर स्थित 3 नं हाईड रोड पर सेंचुरी प्लाई लिमिटेड के कंटेनर फ्रेट स्टेशन पर रखा गया था। कंटेनर नंबर डब्ल्यूबी-76-7093 में कपड़े रखने की बुकिंग थी, लेकिन उसमें लाल चंदन लकड़ी भरी थी। सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 110 के तहत चंदन को जब्त कर लिया गया। प्राथमिक जांच में पता चला है कि रेडीमेड कपड़ों की आड़ में अवैध रूप से लाल चंदन की तस्करी की जा रही थी। डीआरआई की ओर से दोनों से पूछताछ चल रही है।